प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

पीएम–आयुष्मान भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आयुष्मान भारत के कारण भारत स्वास्थ्य सेवा में क्रांति का गवाह बन रहा है। इस योजना के सात साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे क्षमता, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत एक ऐसी पहल है जिसने भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाया और लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ–साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

अनाथ बच्चे

राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों का भविष्य संवारने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और कई नामी शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे बच्चों को प्रवेश दिलाया गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि शिमला के तारा हॉल स्कूल में तीन, दयानंद पब्लिक स्कूल में 8 और सोलन के पाईनग्रोव पब्लिक स्कूल में चार अनाथ बच्चों का दाखिला करवाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है और उनकी देखभाल, सुरक्षा और शिक्षा की जिम्मेदारी 27 वर्ष की आयु तक राज्य सरकार वहन करेगी।

जीएसटी सुधार

भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में कल से लागू किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार एक बड़ा कदम हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार लोगों को काफी राहत प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट––

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा द्वारा आज मनाली में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने बूथ संख्या 75 पर कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि सेवा पर्व के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण व हरित भविष्य की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा संकल्प बनने जा रहा है।

सौरऊर्जा

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि भारत की कुल सौर ऊर्जा क्षमता लगभग तीन हजार 343 गीगावाट आंकी गई है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान की सौर फोटोवोल्टिक क्षमता रिपोर्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट केवल एक तकनीकी दस्तावेज नहीं है, बल्कि भारत की सौर क्षमता की रूपरेखा है। प्रहलाद जोशी ने कहा कि यह भविष्य के निवेश के लिए मार्ग प्रशस्त् करेगी, नवाचार को गति देगी और आगामी दशकों में भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता को आकार देगी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अनुमानित तीन हजार 343 गीगावाट फोटोवोल्टिक सौर क्षमता है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्रे के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना की जा रही है। प्रदेश भर के मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से संयम, तपस्या और ज्ञान की देवी मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन और

पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विशेष प्रबंध किये गए हैं और विशेष बसें चलाई जा रही हैं।

## पीएम सूर्य घर

पीएम सूर्य घर मुफत बिजली योजना के तहत शिमला जिले की 10 पंचायतों को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम घटक के तहत रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों के आधार पर इन पंचायतों का चयन किया जाएगा और चयनित पंचायत को एक करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में ऊर्जा आत्म निर्भरता को बढ़ावा देना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाना है।

———————————————————————————